हर्षण नामक ... शुभ योग है। धार्मिक व मांगलिक कार्य शुभ होते हैं। बालवादि चर संज्ञक करण हैं। और विपणि-व्यापारारम्भ के यथा आवश्यक शुभ मुहूर्त है। अत्युत्तम हैं। बुधवार को अभिजित मुहूर्त शुभ कार्यों में वर्जित माना गया

...द : घनश्यामलाल स्वर्णकार

लक्ष्मणगढ़ कस्बे को किया सैनेटाइजर

रूबेल नागी आर्ट फाउण्डेशन ने न्यायिक अधिकारियों के निर्देशन में किया कार्य

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

लक्ष्मणगढ़. तालुका सेवा समिति अध्यक्ष व अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश जगदीश प्रसाद शर्मा के निर्देशन में रूबेल नागी आर्ट फाउण्डेशन मुम्बई व अशोक सिंह बना जावली के सहयोग से पूरे लक्ष्मणगढ़ कस्बे में सोडियम हाइपोक्लोराइट का लगभग सात घंटे तक छिड़काव कर कस्बे को सैनेटाइज किया।

नाजीर मनोज कुमार जैमन ने बताया कि कस्बे के न्यायालय परिसर में अपर मुख्य न्यायियक मजिस्ट्रेट राजपाल सिंह मीना व न्यायिक मजिस्ट्रेट साधना सिंह व अशोक सिंह बना, अभिभावक संघ अध्यक्ष एडवोकेट रतन सिंह व एसएचओ अजीत सिंह ने कस्बे के न्यायालय परिसर में सेनेटाइज कार्य का उद्घाटन किया। एसीजेएम राजपाल मीना ने उपस्थित गणमान्य लोगों से लॉक डाउन की गम्भीरता से पालना करने व घरों में रहने की अपील की। बाद में फाण्डेशन की टीम ने लगभग सात घंटे में कस्बे के एसडीएम कार्यालय, न्यायालय परिसर, तहसील कार्यालय सहित कस्बे का जालूकी रोड, कटूमर रोड, मालाखेड़ा रोड, कस्बे के पुरानी सब्जी, चौपड़ा बाजार, मुख्य बाजार आदि स्थानों पर दवा का छिड़काव किया। इस दौरान भाजपा मण्डल अध्यक्ष नरपत सिंह राजपूत, पवन तुफान सिंह राजपूत, पुरुषोत्तम अवस्थी, रवि प्रक ाश अवस्थी, आरिफ खान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

बड़ौदामेव. कस्बे में दवा का छिड़काव करता युवक।

मालाखेड़ा में दवा का छिड़काव करते ग्रामीण।

मालाखेड़ा. अप्रेल कस्बा सहित क्षेत्र के गांव कलसाडा में खटीक समाज के युवाओं ने स्वयं के खर्चे पर मुख्य मार्गों पर दवा का छिड़काव कराया। इस अवसर पर चन्द्रभान बसवाल, दिसम्बर ,दिनेश, धर्मवीर, दिलीप, रतन, राकेश बसवाल, सुभाष, मनोज, अजीत पंच, चन्द्रभान उपस्थित थे। उधर मालाखेड़ा कस्बे में सरपंच हिम्मत सिंह चौधरी एवं उपसरपंच शिवचरण के नेतृत्व में अनेक युवाओं ने कस्बे के मुख्य मार्गों को सैनेटाइज किया। इस अवसर पर सुबेसिंह चौधरी,सुरज्ञान चौधरी,नरेश,नकुल माली,नरेन्द्र मीणा सहित अनेक युवा उपस्थित थे।

बड़ौदामेव. कोरोना वायरस के संक्रमण को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में सेनेटाइजर का छिड़काव किया जा रहा है। बड़ौदामेव कस्बे में समाजसेवकों व भामाशाहों के सहयोग से कस्बे की गली मौहल्ला व सार्वजनिक स्थलों पर सेनेटाइजर का छिड़काव किया गया। इससे पूर्व समाजसेवकों की ओर से असहायों,दिहाड़ी मजदूरों व गरीब रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले 300 सौ लोगों को राशन किट प्रदान की गई तथा जरूरतमंद लोगों को 1100 मास्क का वितरण किए गए।

नारायणपुर. कोरोना वायरस संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए मंगलवार को ग्राम पंचायत बामनवास कांकड़ में गणेश चौधरी ने सोडियम हाइपोक्लोराइट का सार्वजनिक स्थानों पर छिड़काव करवाया। गांव नागलेहडी, बैरावास,लुलसीवाला सहित दूर्गम स्थानों पर सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिड़काव कराया गया। गणेश चौधरी ने बताया कि यदि जरुरत हुई तो दुबारा छिड़कवा किया जाएगा।

प्रतापगढ़. कस्बे के युवाओं ने पूर्व जिला पार्षद कप्तान सिंह और बाबूलाल गुरुजी के नेतृत्व में रविवार व सोमवार को कस्बे के मुख्य बाजार, बस स्टैंड सहित प्रमुख मार्ग गली मोहल्लों में सेनेटाइज का कार्य किया। इससे पूर्व जरूरतमंद लोगों को राशन किट वितरण किए। इस मौके पर अशोक सैनी, बनवारी प्रजापत, फैलीराम, कैलाश सैन आदि उपस्थित थे।

टहला. कस्बा में सोमवार को सीएचसी, पुलिस थाना, मैन बस स्टैंड सहित राजकीय कार्यालय एवं सार्वजनिक स्थानों पर सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिड़काव किया गया। सीएचसी प्रभारी डॉ. उमराव सिंह मीना व सरिस्का पांडूपोल हनुमान मंदिर के महंत बाबूलाल शर्मा ने दवा छिड़कव में सहयोग कर लॉकडाउन की पालना करने के निर्देश दिए।

दो बेटियों की शादी का सामान जलकर राख

अधिकारी ध्यान रखें कोई व्यक्ति भूखा नहीं सोए

नीमराणा. बहरोड़ विधायक ... दौरान कहा कि पूरे क्षेत्र में किसी भी